# इस्पात संदेश

कामधेनु स्टील

Email: info@kamdhenulimited.com, Website: www.kamdhenulimited.com, www.kamdhenupaints.com  www.facebook.com/kamdhenulimited

आई एस ओ 9001–2000 सम्मानित कंपनी कामधेनु लिमिटेड की गृह पत्रिका, वर्ष–18, अंक–06, सितम्बर 2018


**किसी भी तरह की व्यापारिक जानकारी हेतु टोल फ्री कामधेनु हेल्प लाइन – 1800 1800 545**



# घर सजे दुनिया खूबसूरत बने

**सौरभ अग्रवाल**



एक घर में कई सपने पलते–बढ़ते है। इनकी अपनी अलग ही मंजिल होती है, कुछ खुद तक ही सीमित होते हैं, तो कुछ दुनिया तक को बदलना चाहते हैं। मगर इन सपनों का रंग धुंधला होता है जिसमें मेहनत के रंग भरने की जरूरत होती है। जितना बड़ा लक्ष्य उतनी ही ज्यादा मेहनत और फिर वो बनता है जिसे आपने हमेशा ही बनाना चाहा है। कुछ ऐसी ही बात है कामधेनु पेंट में जो आज हर उस घर को खूबसूरत बना रहा है जिसमें सपने पल रहे हैं ताकि कोई भी रंग धुंधला ना पड़े। कामधेनु पेंट को हर घर तक पहुंचाने का प्रयास कर रहे हैं कामधेनु लिमिटेड के निदेशक श्री सौरभ अग्रवाल।

इन्होंने भी एक सपना देखा की देश का हर घर सजे और दुनिया खूबसूरत बने। अपने इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए सौरभ अग्रवाल जी ने बेहतरीन योजना के साथ काम किया और लगातार कामधेनु पेंट को विकास की ओर आगे बढ़ाया। बेस्ट क्वालिटी वाले रॉ मटैरियल का उपयोग किया जिससे पेंट उत्पाद उच्च गुणवत्ता के बने। पेट उत्पाद को बनाने में नई टेक्नोलॉजी और इनोवेशन को बढ़ाया ताकि पेंट्स की बेस्ट क्वालिटी ग्राहक को उचित कीमत पर मिले। इसके साथ ही एक पूरी व्यावसायिक गतिविधियों को एक बिजनेस लीडर की तरह अंजाम दिया जिससे पूरे देश में लॉजिस्टिक्स और डीलर्स का बड़ा नेटवर्क बना जिससे देश के कोने–कोने में कामधेनु पेंट्स की चमक पहुंची।

सौरभ अग्रवाल जी ने कंपनी के उत्पादों को हमेशा आला दर्जे का रखा ताकि किसी के सपनों से कोई समझौता ना हो। इसे इतनी विविधता के साथ पेश किया ताकि हर व्यक्ति अपनी जरूरत के अनुसार इसका उपयोग कर सके। दोहरी खासियतों वाले अंदरूनी–बाहरी लग्जरी इमल्शन के साथ स्टैन्डर्ड रंगों की विविध श्रृंखला जिसने लोगों के धन की भी बचत की।

बहु आयामों पर कंपनी के विकास का मार्ग प्रशस्त करते हुए सौरभ अग्रवाल जी ने बिजनेस में बेहतरीन नज़ीर को पेश किया। डीलर्स और डिस्ट्रीब्यूटर्स के लिए हमेशा नई योजनाएं लेकर आए ताकि वो प्रेरित होकर बेहतरीन कार्य करने का प्रयास करें। उनके लिए पुरस्कार के साथ–साथ ऐसे टूर पैकेज का इंसेंटिव दिया जिसका लाभ डीलर्स के परिवार को भी मिला। इसके अलावा 'टारगेट का बादशाह' और 'बादशाह की बेगम' जैसे इवेंट कैम्पेन की शुरुआत की जिसने देश के बाहर भी गौरव बढ़ाया। 'टारगेट का बादशाह - 6' ऐसा पहला इवेंट था, जो किसी पेंट की कंपनी द्वारा देश की सीमा से परे मनाया गया। अब तक यह इवेंट अपने 6 पड़ाव को सफलतापूर्वक पूरा कर चुका है और इसके तहत डीलर्स को खास पुरस्कारों के साथ पुरस्कृत किया जा चुका है। 'बादशाह की बेगम' भी नई तरह की पहल बनी जिसके पुरस्कारों ने डीलर्स को नये तरह से प्रोत्साहित किया।

इस पूरे प्रयास से कंपनी आज देश की शीर्ष कंपनियों में शुमार है और विकास के पथ पर तेजी से अग्रसर है। इन्हीं प्रयासों का परिणाम है कि कंपनी के डीलर्स की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है, साथ ही कंपनी के पेंट उत्पादों से संतुष्ट ग्राहकों की संख्या भी लगातार बढ़ती जा रही है।

# संयुक्त राष्ट्र के सर्वोच्च सम्मान से प्रधानमंत्री मोदी सम्मानित




पर्यावरण को बेहतर बनाने के लिए किए जाने वाले साहसिक और इनोवेटिव प्रयास के लिए प्रधानमंत्री मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों को संयुक्त रूप से यूएन के सर्वोच्च सम्मान ''चैंपियन ऑफ द अर्थ'' से सम्मानित किया गया। नीतियों के निर्माण और उसके नेतृत्व की श्रेणी के अंतर्गत ये सम्मान दिया गया। मोदी जी ने पर्यावरण को लेकर कई अहम फैसले लिए जिसमें 2022 तक एकल उपयोग वाली प्लास्टिक के उपयोग को पूरी तरह समाप्त करना और अंतर्राष्ट्रीय सौर ऊर्जा गठबंधन को हर मोर्चे पर सशक्त बनाने का प्रयास किया। इन प्रयासों ने अंतर्राष्ट्रीय समुदाय पर पर्यावरण जागरूकता के प्रति अभूतपूर्व प्रभाव डाला। इन प्रयासों को बेहद खास मानते हुए प्रधानमंत्री को इस प्रतिष्ठित अवार्ड के लिए चुना गया।

## जर्मनी ने बनाई हाइड्रोजन से चलने वाली ट्रेन

पब्लिक ट्रांसपोर्ट और पर्यावरण को बेहतर करने के लिए अनेक देशों में कई प्रयास चल रहे है। इससे आने वाले समय में पब्लिक ट्रांसपोर्ट का कायाकल्प होने वाला है। इसका ताजा उदाहरण जर्मनी में देखने को मिला। जर्मनी ने हाइड्रोजन से चलने वाली ट्रेन का सफल परिक्षण किया है। इसे बनाने वालों का दावा है कि यह जीरो एमिशन पैटर्न पर चलती है यानी इससे कार्बन डाइऑक्साइड का उत्सर्जन एकदम नहीं होता है। इसमें हाइड्रोजन फ्यूल सेल लगे है जो रासानिक क्रिया करके बिजली बनाते हैं। जिससे इसमें लगी लिथियम आयन बैटरी चार्ज होती है और बैटरी से मिलने वाले पावर से ट्रेन चलती है। इसकी टॉप स्पीड 140 किलोमीटर प्रतिघंटा तक है और यह चलने में भी बहुत कम शोर करती है। अनुमान के अनुसार सिंगल टैंक हाइड्रोजन भरने पर  यह ट्रेन 1000 किलोमीटर की दूरी तय कर सकती है।



## खोजा गया भूसे से गैसोलीन बनाने का नया तरीका



शोधकर्ताओं ने लकड़ी के बुरादे या भूसे से ईंधन बनाने का नया तरीका खोजा है। इससे भविष्य में पर्यावरण के अनुकूल हरित ईंधन बनाने में काफी मदद मिलेगी। बेल्जियम की लुवेन स्थित कैथोलिक विश्वविद्यालय के बायो–साइंस इंजीनियर्स ने भूसे से पर्याप्त मात्रा में गैसोलीन बनाया है। इन्होंने भूसे में मौजूद फाइबर से हाइड्रोकार्बन चेन की पहचान की जिससे गैसोलीन का निर्माण किया। विश्वविद्यालय ने इसके निर्माण के लिए प्रयोगशाला में एक छोटा रिएक्टर बनाया जिसके द्वारा गैसोलीन का निर्माण किया। इसकी मात्रा कम थी मगर इस प्रक्रिया का और विकसित रूप बनाया जा सकता है। शोधकर्ताओं के अनुसार उनके द्वारा बनाए गए गैसोलीन की गुणवत्ता काफी अच्छी है। सिर्फ कार्बन डेटिंग के जरिए ही प्राकृतिक गैसोलीन और उनके द्वारा निर्मित गैसोलीन मे फर्क किया जा सकता है।

# यूक्रेन की सैर पर कामधेनु डीलर्स

देश की अग्रणी कंपनी में शुमार कामधेनु लिमिटेड एक अच्छे कॉर्पोरेट कल्चर को बेहतरीन ढंग से आगे बढ़ा रही है। अपनी इस प्रतिबद्धता को कंपनी पूरे लगन के साथ पूरा कर रही है ताकि कंपनी से जुडे हर व्यक्ति के साथ बेहतर समन्वय स्थापित किया जा सके। इसके तहत डीलर्स व कंपनी से जुड़े हर व्यक्ति को मोटिवेट करने के लिए कंपनी नए–नए इंसेंटिव लाती रहती है। इस योजना पर कार्य करते हुए कंपनी ने डीलर्स को हमेशा ही दुनिया के प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों की सैर का तोहफा दिया।

इस टूर इंसेंटिव के तहत कंपनी ने इस बार हिमाचल प्रदेश और पंजाब के डीलर्स को चुना और उन्हें यूरोप के खूबसूरत देश यूक्रेन की सैर कराया। दोनों ही राज्यों से 120 डीलर्स को यूक्रेन की सैर का अवसर मिला जिसमें कंपनी के पदाधिकारी भी सम्मलित हुए। डीलर्स की ज्यादा संख्या होने के कारण कंपनी ने डीलर्स का तीन ग्रुप बनाया। पहले ग्रुप में हिमाचल प्रदेश के 40 डीलर्स के साथ कंपनी के पदाधिकारी श्री सुनील सैन सम्मिलित हुए, दूसरे ग्रुप में पंजाब के 40 डीलर्स के साथ कंपनी पदाधिकारी श्री दिलीप मेहरा (सीनियर जीएम) सम्मिलित हुए और तीसरे ग्रुप में पंजाब और हिमाचल प्रदेश के 40 डीलर्स थे, इस ग्रुप का नेतृत्व करने के लिए कंपनी के पदाधिकारी श्री हिमांशु शर्मा सम्मिलित हुए।

अलग–अलग देश की भिन्न वास्तुकला और संस्कृती को जानने से एक अच्छी सोच का विकास होता है। जिससे किसी कार्य को नये ढंग से करने की प्रेरणा भी मिलती है। इसी प्रेरणा को आगे बढ़ाते हुए कामधेनु लिमिटेड विश्व के विकसित देशों में टूर को आयोजित करती है। पूर्वी यूरोप के इस देश में डीलर्स ने यहाँ के लगभग सभी खास पर्यटन स्थलों की सैर की। इस सैर की शुरुआत यूक्रेन के सबसे बड़े शहर और राजधानी कीव से हुई सभी ने यहाँ के बेहतरीन होटल रमाडा एमकॉर में फुर्सत के पल बिताए। इसके बाद सब वास्तुकला की प्राचीन व आधुनिकता को देखने निकल पड़े। कीव में सभी ग्रुप ने सन् 1747 में बने कीव शहर के सबसे बड़े चर्च के दर्शन किए। फिर 1867 में स्थापित राष्ट्रीय ओपेरा हाउस को करीब से देखा। इसके साथ ही ऐतिहासिक क्रिस्चियन मठ कीव पचरस्क लावरा के इतिहास को जाना।

यूक्रेन के इतिहास को करीब से जानने के लिए डीलर्स ने अन्य खास स्थलों का भी सैर किया जिसमें पिरोगोवा ओपेन एयर म्युजियम, वॉर म्युजियम, स्टेच्यु ऑफ मदरलैण्ड और यूक्रेन के पूर्व राष्ट्रपति आवास प्रमुख थे। इसके अलावा इन्होंने मेट्रो और द्नीप्रो नदी में बोट की यात्रा का आनन्द दिया। इस नॉलेजफुल टूर पैकेज में डीलर्स ने खूब मौज–मस्ती की और यहाँ के दार्शनिक स्थलों पर कभी न भूल पाने वाले पल बिताए। साथ ही हर एक पल को तस्वीरों में कैद किया। सभी ने देश से दूर यहाँ के प्रसिद्ध रेस्टोरेंट न्यू बाम्बे पैलेस और हिमालया में भारतीय खाने का खूब लुत्फ उठाया और बेल्ला विस्टा रेस्टोरेंट में यूक्रेन के लजीज व्यंजन का आनंद लिया। तीनो ग्रुप का नेतृत्व करने वाले कंपनी के पदाधिकारियों ने डीलर्स को खूब मोटिवेट किया और उनके वर्तमान कार्य की प्रशंसा की। इसके साथ ही आगे भी बेहतरीन प्रदर्शन करने के लिए शुभकामनाएं दी।







RNI. No.: DELHIN/2000/4124, Postal Regn. No. DL (E)-01/5006/2015-17
Publication Date: 26.09.2018



# मैक्सीमम सुरक्षा से सुसज्जित

KAMDHENU COLOUR MAX
COLOUR COATED METAL SHEETS

## नई इनोवेशन से असली कलरमैक्स को पहचानना हुआ और आसान

कामधेनु लिमिटेड हमेशा ही ऐसे उत्पादों के निर्माण पर जोर देती है जो उच्च गुणवत्ता के हो ताकि ग्राहक को अधिकतम संतुष्टि मिले। इसके साथ ही कंपनी ने ग्राहाकों के हित को भी हमेशा ही पहले दर्जे पर रखा जिससे कंपनी पर और कंपनी के हर उत्पाद पर लोगों का भरोसा लगातार बढ़ता गया। इस भरोसे ने कंपनी को दो दशकों में ही देश की शीर्ष कंपनी में शुमार कर दिया। कामधेनु लिमिटेड ने लोगों के इस विश्वास को समझा और इसके लिए एक नई पहल की है ताकि पूरे देश में कंपनी के असली उत्पाद की पहचान आसानी से की जा सके।

कंपनी ने अपनी उच्च गुणवत्ता वाली शीट्स, कामधेनु कलरमैक्स कलर कोटेड शीट्स को सुरक्षा के नये गुणों से सुसज्जित किया है। इसके तहत कंपनी ने शीट्स पर **'मल्टी–सुरक्षा फिल्म'** को लगाया है, जो उत्पाद को मल्टी सुरक्षा देती है। इस सुरक्षा को कई स्तरों पर परखा जा सकता है इसमें टेक्नोलॉजी का भी उपयोग किया गया है। इसमें लगाया गया प्रिंटिंग कोड मैग्नाफाइंग ग्लास के जरिए देखा जा सकता है जो शीट्स के असली और नकली होने का प्रमाण देता है। इसके अलावा वाइस पैन के माध्यम से भी असली शीट्स को पहचाना जा सकता है। शीट्स के एक खास हिस्से पर वाइस पैन लगाने पर यह पैन आवाज के माध्यम से कहता है ''ये असली कामधेनु कलरमैक्स शीट है''।

इस सुरक्षा फिल्म के और भी फायदे है। ये शीट्स पर स्क्रेच नहीं आने देता है और इसे आसानी से शीट्स से निकाला जा सकता है। इसके साथ ही ये मल्टी–सुरक्षा फिल्म शीट्स की चमक को बनाए रखता है। यह ग्राहाकों को उत्पाद की स्पष्ट पहचान देता है जिससे उनके मन में किसी तरह का भ्रम नहीं रहता है।

कामधेनु करलमैक्स कलर कोटेड शीट्स देश में आज एब बड़ा ब्रांड है। इसकी उच्च गुणवत्ता के कारण देश में इसकी मांग लगातार बढ़ती जा रही है। इस मांग को देखकर कुछ लोग अन्य कंपनी के उत्पाद को कामधेनु कलरमैक्स के नाम से बेच रहे है। अब इस सुरक्षा फिल्म से नकल करने और नकली उत्पाद बेचने वालों पर नकेल कसी जा सकेगी।

कामधेनु कलरमैक्स कलर कोटेड शीट्स एक बेस्ट रूफिंग सोल्यूशन है। हाई–रिब, टाइल प्रोफाइल, कर्व्ड और सटैंडर्ड डिजाइन के साथ ही ये शीट्स अलग–अलग साइज और मोटाई में भी उपलब्ध है। इस शीट्स को मजबूत, टिकाऊ और सुरिक्षत बनाने के लिए कामधेनु लिमिटेड ने उन्नत तकनीक के साथ अच्छी गुणवत्ता वाले रॉ मटैरियल का उपयोग किया है। अच्छे रॉ मटैरियल और तकनीक के मेल से ये शीट्स एक बेहतर इको–फ्रैंडली उत्पाद बना है और इसका रख रखाव भी बहुत कम है। प्रतिकूल मौसम में भी इसकी क्षमता बेहतरीन है। टिकाऊ व आकर्षक पेंट से की गई इसकी कोटिंग इसकी क्षमता को बढ़ाने के साथ ही इसकी खूबसूरती को भी बढ़ा देता है। इसकी कलर कोटिंग कमरे के तापमान को सामान्य शीट की तुलना में ज्यादा ठंडा रखती है।

इस सुरक्षा फिचर को पेश करते हुए कामधेनु लिमिटेड के निदेशक श्री सुनील अग्रवाल जी ने कहा, ''कामधेनु कलरमैक्स कलर कोटेड शीट हमारा बेहतरीन उत्पाद है जिसे हमने मल्टीकलर सुरक्षा फिल्म की खासियतों से सुसज्जित किया है। इस इनोवेटिव पहल से हम ग्राहकों तक असली उत्पादों की पहुंच को सुनिश्चित करना चाहते हैं। यह देश में नई व अपनी तरह की खास पहल है।''




बेस्ट सपोर्टिंग डीलर ऑफ द मंथ

**श्री बहादुर सिंह सैनी**
**श्री तरुन सैनी**
**मेसर्स थावर स्टील ट्रेडर्स**
सरक्युलर रोड, एनआर जी.पी.ओ.
रेवाड़ी हरियाणा – 123401
मो. 9416064269, 9466883098

**श्री संजय कुमार**
**मेसर्स गरिमा स्टील स्टोर**
मेन कुतुबगढ़ रोड, कंझवाला
दिल्ली – 110081
मो. 9212405933

**श्री सुनील कुमार**
**मेसर्स भारत स्टील ट्रेडर्स**
W2-812, कार्पोरेशन बैंक के सामने
पालम गाँव, दिल्ली – 110045
मो. 9810833322

Printed at Chandu Press, D-97, Shakarpur, Delhi-110 092

Owned by KIL, L-311, Street No. 7, Mahipalpur Ext., New Delhi - 110037, Ph. 65493417, Published, Printed and Edited by Prashant Kumar, News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi 110092 and published from News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi - 110092, Tel: 011- 22726433, Fax: 011-22726450, Email: news1@vsnl.com